CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 228 रायपुर, मंगलवार 10 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

घनघोर बारिश

राजधानी सहित 13 जिलों में रेड अलर्ट कोरबा में बिजली गिरने से 2 की मौत

रायपुर, 10 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग न 11 जिलों के लिए रेड और 15 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अति भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर में सोमवार रात से लगातार बारिश जारी है। धमतरी में मुरुम सिल्ली बांध 100त्न भर चुका है। उसके 3 गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी 9 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। दुर्ग में भी एक युवक उफनते नाले में बह गया। सोमवार को प्रदेश में मानसून सामान्य से अधिक सक्रिय रहा। 3 स्थानों पर अति भारी,13 स्थानों पर भारी और 19 स्थानों पर बारिश रिकार्ड की गई। वहीं रायपुर शहर के विभिन्न इलाके भी जलमग्न हो गए। अंडरब्रिज में पानी भर गया है। सोमवार दो अलग-अलग मामलों में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पहला मामला हरदी बाजार पुलिस थाना के महुआडीह इलाके का है। यहां खुले मैदान में मवेशी चरा रहे 15 साल के हरीश बिंझवार पर बिजली गिर गई। इस हादसे में हरीश की मौके पर ही मौत हो गई। हरीश के पिता धर्म सिंह ने बताया कि बेटा गांव के पास ही मवेशी चराने गया हुआ। इसी बीच तेज बारिश होने लगी। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने घर आकर बताया कि उनके बेटे की मौत हो गई है। वहीं दूसरा मामला रजगामार पुलिस चौकी का है। जहां एक पुजारी की मौत बिजली गिरने से हो गई। मृतक की पहचान जगत सिंह उरांव के रूप में हुई है। जगत सिंह के बेटे हेम सिंह ने बताया कि उनके पिता ने 14 साल पहले सन्यास ले लिया था। कुछ सालों तक पहाड़ों में जाकर तप किया। इसके बाद वापस लौटे थे, लेकिन घर नहीं आए। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र के ही शनि मंदिर में पूजा-पाठ करते थे।

इन जिलों में बारिश का रेड अलर्ट- बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मुंगेली, रायपुर और कोरबा।

ऑरेंज अलर्ट- बालोद, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, कोरिया, महासमुंद, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रायगढ़, राजनांदगांव, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर, सरगुजा।

बीजापुर में बाढ़ के हालात, इंद्रावती नदी खतरे के निशान से ऊपर, आंध्र-तेलंगाना और महाराष्ट्र से संपर्क टूटा

बीजापुर जिले लगातार बारिश से बाढ़ के हालात बन गए हैं। भोपालपटनम इलाके में इंद्रावती नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा गया है। नदी का जल स्तर 15 मीटर के करीब पहुंचा है। भारी बारिश की वजह से बीजापुर का संपर्क आंध्र-तेलंगाना और महाराष्ट्र से टूट गया हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण इंद्रावती का जल स्तर बढ़ने से कई गांव में बाढ़ की स्थिति बन गई है। जिसके चलते लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। तिमेड़, वोडागुड़ा, भटपल्ली, चन्दनगिरी, लिंगापुर, गंगारम, रामपुरम, बामनपुर, अर्जुनल्ली, अटुकपल्ली, कोंडामौसम, चन्दूर, तारलागुड़ा समेत और कई गावों में खतरा मंडरा रहा हैं। बाढ़ प्रभावित गांव मे घरों तक बाढ़ का पानी पहुंच चुका हैं। वहीं प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन नें अलर्ट जारी किया है। दरअसल बाद की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की हैं। साथ ही बाढ़ एवं से बचाव के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने के लिए निर्देश जारी किया है।

राजनांदगांव में ऑपरेशन थियेटर तक पहुंचा बारिश का पानी

जिले में भारी बारिश हो रही है। जिसके चलते जिला अस्पताल में पानी घुस गया हैं। अस्पताल के माइनर ओटी, ओपीडी, जनरल वार्ड, महिला वार्ड और ऑपरेशन थियेटर में 3 फीट तक पानी बह रहा है। अस्पताल में स्थित पुलिस चौकी में भी पानी बह रहा है। दरअसल, वार्डों में पानी पहुंचाने के कारण मरीजों को डर सताने लगा है कि, कहीं नाले से होकर आने वाले बरसाती पानी में जहरीले सांप-बिच्छू न आ जाए। प्रशासन की तरफ से करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य कराए जाने के बावजूद जलनिकासी व्यवस्था को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगभग हर बार बारिश के समय अस्पताल परिसर में पानी घुस जाता है। ड्रेनेज सिस्टम जाम होने के कारण हमेशा यह स्थिति उत्पन्न होती है। अस्पताल परिसर में पानी घुसने के कारण नीचे रखे दवाइयां सहित अन्य सामानों को नुकसान पहुंचा है। जिला चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए सड़क पर 3 से 4 फीट पानी भरा हुआ है। पार्किंग में रखे बाइक भी पानी में डूब गए हैं।

मैं राहुल गांधी को अदालत में घसीटूंगा : आरपी सिंह

नई दिल्ली, 10 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में सिखों का उदाहरण देते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर अपनी टिप्पणी से राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। सोमवार को वर्जीनिया के हर्नडन में एक कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, (भारत में) लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या सिखों को पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी...क्या सिखों को कड़ा पहनने या गुरुद्वारा जाने की अनुमति दी जाएगी। लड़ाई इसी बात को लेकर है और यह सिर्फ़ सिखों के लिए नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

■ भारत में सिखों को पगड़ी पर दिए बयान से गुस्से से तिलमिलाए भाजपा नेता

गांधी की सिखों पर टिप्पणी की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी आलोचना की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा, 1984 में दिल्ली में 3,000 सिखों का कत्लेआम किया गया, उनकी पगड़ियाँ उतार दी गईं, उनके बाल काट दिए गए और उनकी दाढ़ी मुंडवा दी गई। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सब तब हुआ जब कांग्रेस सत्ता में थी। उन्होंने गांधी पर सिख समुदाय के साथ कांग्रेस पार्टी के अपने इतिहास को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। सिंह ने गांधी को भारतीय धरती पर अपनी टिप्पणी दोहराने की चुनौती दी और कानूनी नतीजों की चेतावनी दी। सिंह ने कहा, मैं उनके खिलाफ मामला दर्ज करूंगा और उन्हें अदालत में घसीटूंगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी राहुल गांधी के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, कांग्रेस, जो लंबे समय से तुष्टिकरण की राजनीति में लगी हुई है और सिख नरसंहार के लिए जिम्मेदार है, अब हमें उपदेश देने की कोशिश कर रही है।

आप ने 9 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की कल शामिल हुए प्रो. छत्रपाल को मिला टिकट

नई दिल्ली, 10 सितम्बर (न्यूज चैनल)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने नौ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। सोमवार को ही भाजपा छोड़कर पार्टी में शामिल हुए प्रो. छत्रपाल को बरवाला से उम्मीदवार घोषित किया गया है। पार्टी अब तक 29 उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। साढौरा से रीता बमनैया को टिकट दिया गया है। थानेसर से कृष्ण बजाज और इंद्री से हवा सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। रतिया से मुख्त्यार सिंह बाजीगर, आदमपुर से एडवोकेट भूपेंद्र बेनीवाल, बावल से जवाहर लाल को टिकट दिया गया है। फरीदाबाद से प्रवेश मेहता और तिगांव से अबाश चंदेला को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

ब्रेकिंग न्यूज

मणिपुर में छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए सख्ती, इंफाल समेत तीन जिलों में लगा दिया गया कर्फ्यू

नई दिल्ली, 10 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच अधिकारियों ने पूर्वोत्तर राज्य के तीन जिलों में कर्फ़्यु लगा दिया है. इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू लगा दिया गया है, जिससे निवासियों को अपने घर छोड़ने पर रोक लगा दी गई है क्योंकि अधिकारी सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त, थौबल जिले में बीएनएसएस की धारा 163 (2) के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। ये उपाय किसी भी तनाव को बढ़ने से रोकने और इन क्षेत्रों में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए हैं।

राहुल गांधी के आरक्षण खत्म करने वाले बयान पर भड़कीं मायावती



नई दिल्ली, 10 सितम्बर (न्यूज चैनल)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिए ताजा बयान पर निशाना साधा है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट के जरिए कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में काफी लम्बे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना कराने वाली यह पार्टी अब इसकी आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। अब कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा श्री राहुल गाँधी के इस नाटक से भी सर्तक रहें जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तो हम स्ट्ट, स्ख्र, ह्लष्ट का आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है।



चूहा- सुनती हो, कैंसर की दवाओं पर भी जीएसीट माफ नहीं है।

चुहिया- हां जी, यहां तो मुर्दों पर भी जीएसटी लग जाए तो आश्चर्य नहीं!

दिल्ली में लगेगा राष्ट्रपति शासन?

नई दिल्ली, 10 सितम्बर (न्यूज चैनल)। क्या दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि राष्ट्रपति ने दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग करने संबंधी दिल्ली भाजपा की अपील को गृह मंत्रालय के समक्ष भेज दिया है। इस संबंध में दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि संविधान के कथित उल्लंघन के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा गया ज्ञापन गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। विजेंद्र गुप्ता ने एक बयान में दावा किया है कि दिल्ली सरकार द्वारा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं करना तथा कैग रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई न करना ''संविधान का उल्लंघन'' है।

राष्ट्रपति ने भाजपा के पत्र का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय से कार्रवाई करने को कहा

हम आपको बता दें कि भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने के कारण ''दिल्ली में उत्पन्न संवैधानिक संकट के बीच तत्काल हस्तक्षेप'' करने का आग्रह किया गया था। विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपति सचिवालय से प्राप्त एक पत्र को साझा करते हुए कहा, ''राष्ट्रपति ने ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए उसे गृह सचिव को भेज दिया है।'' उन्होंने कहा कि उन्होंने गृह सचिव से इस मामले पर ''तत्काल और उचित कार्रवाई'' करने का आग्रह किया है।

छत्तीसगढ़ के स्कूल में छात्राओं ने मनाई बियर पार्टी, प्राचार्य ने की अनदेखी

बिलासपुर, 10 सितंबर (हाईवे चैनल)। एक ऐसी खबर आई जिसने एक बार फिर शिक्षा जगत को शर्मशार कर दिया है। अब तक शिक्षकों के मदिरापान कर स्कूल में आने की खबरें मिलती थीं, मगर इस बार स्कूल परिसर में ही छात्राओं ने बर्थडे पार्टी के नाम पर बियर पार्टी कर डाली। यह मामला तब परवान चढ़ा जब इस पार्टी के फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। यह वाकया बिलासपुर जिले के मस्तुरी क्षेत्र स्थित भटचौरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है, जहां की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुईं, जिसमें कुछ छात्राओं द्वारा स्कूल में बर्थडे पार्टी की जा रही है। तस्वीर में बियर की एक बॉटल के साथ कोल्ड्रिंक स्प्राइट की भी बॉटल नजर आ रही है। इसके अलावा कुछ ग्लास में ड्रिंक डाले हुए फोटोज और छात्राओं के भी ग्लास में ड्रिंक डालते हुए फोटो भी डाले गए हैं।

सोशल मीडिया में हुआ वायरल

छात्राओं की यह तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिये जैसे ही वायरल हुईं, इलाके में हड़कंप मच गया। इस मामले की जांच करने के बाद मस्तूरी विकास खंड के प्रभारी बीईओ शिवराम टंडन ने बताया कि उन्हें ये तस्वीरें 8 सितम्बर को इलाके के जनपद सदस्य ने भेजी। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने डीईओ टीआर साहू को भेजा। डीईओ ने उन्हें तत्काल टीम गठित कर जांच करने का निर्देश दिया। आज वे अपनी टीम के साथ जांच करने स्कूल पहुंचे। यहां स्कूल के शिक्षक, प्राचार्य और उन लड़कियों के भी बयान लिए गए, जो तस्वीरों में नजर आ रही हैं। अलग-अलग लिए गए बयान के मिलान के बाद जांच रिपोर्ट तैयार कर डीईओ को सौंपी जाएगी। बीईओ टंडन ने बताया कि यह वाकया 29 जुलाई के होने की जानकारी दी गई है। तब प्राचार्य एलपी वारे छुट्टी पर थे और प्रभार व्याख्याता पटवर्धन सर के पास था। उन्हें इस वाकये की जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने प्राचार्य के लौटने के बाद उन्हें भी मामले की जानकारी दी।

शत् प्रतिशत जल भराव के बाद एशिया के एकमात्र सायफन सिस्टम वाले माड़मसिल्ली बांध के सभी 34 गेट स्वमेव खुले

बांध का खूबसूरत नजारा निहारने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है पर्यटक

धमतरी, 10 सितम्बर (हाईवे चैनल)। पिछले दो दिनों से केचमेंट एरिया में हो रहे झमाझम बारिश से एक बार फिर से बांधों के जलस्तर में इजाफा होने लगा है।

ब्रिटिश शासनकाल में बना एशिया का इकलौता सायफन सिस्टम बांध के लबालब होने के बाद स्वचलित सायफन गेट से स्वत: पानी का डिस्चार्ज शुरु हो गया है। सायफन गेट व सुलुज गेट से करीब 10 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हो रहा है, जो कि सिलियारी नदी से बहते हुए सीधे गंगरेल जलाशय में पहुंच रहा है। ज्ञात हो कि विगत दो दिनों से कैचमेंट एरिया में हो रही लगातार बारिश से बांध में पानी की आवक बढ़ने लगी। पूरी तरह सूख चुके माड्मसिल्ली बांध अब लबालब हो चुका है। जिसके पश्चात सायफन सिस्टम वाले गेट से पानी का डिस्चार्ज हो रहा है। 5.718 टीएमसी उपयोगी पानी समेत 5.839 टीएमसी कुल जलभराव क्षमता वाला यह बांध भीषण गर्मी के चलते अप्रैल माह में ही पूरी तरह से खाली हो चुका था। बांध के सुलुज गेट से 2 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकण्ड नदी में छोड़ा जा रहा था। लेकिन आवक अधिक होने के कारण शाम 5 बजे तक बांध में 100 फीसदी से अधिक जलभराव हो गया और बांध के सभी 34 सायफन सिस्टम गेट स्वत: ही खुल गये। ये पानी सिलियारी नदी में बहते हुए सीधे गंगरेल बांध में पहुंच रहा है, जिससे गंगरेल के जलस्तर में भी इजाफा हो रहा है। सायफन सिस्टम वाले गेट खुलने से माड्मसिल्ली बांध का नजारा आकर्षक हो गया है। जिसे निहारने काफी संख्या में सैलानी दूरदराज से पहुंच रहे है।

1923 में ब्रिटिश शासनकाल में हुआ था माड़मसिल्ली बांध का निर्माण

ज्ञात हो कि लगभग 100 साल पूर्व सन 1923 में ब्रिटिश शासनकाल में माड्मसिल्ली बांध का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। एशिया का पहला व इकलौता सायफन सिस्टम बांध कहे जाने वाले माड्मसिल्ली बांध की खासियत है कि इस बांध में जैसे ही जलभराव 100 फीसदी से अधिक होता है वैसे ही स्वचलित सायफन गेट स्वयं ही खुल जाते है और नदी में पानी का डिस्चार्ज शुरु हो जाता हैं। बांध से जिले के 52 हजार हेक्टेयर खेतो को पानी दिया जाता है।

गंगरेल बांध में हो रही है 1 लाख क्यूसेक से ज्यादा की आवक 6 गेट खोलकर छोड़ा जा रहा 24 हजार क्यूसेक पानी

धमतरी, 10 सितम्बर (हाईवे चैनल)। लबालब हो चुके गंगरेल बांध से सिंचाई हेतु लगातार पानी छोडा रहा है जिसके चलते बांध में जल संग्रहण घटता जा रहा था। लेकिन केचमेंट एरिया में मुसलाधार बारिश के बाद गंगरेल बांध में पानी की आवक बढ़ने लगी जिससे बांध का जल स्तर बढ़ रहा है।

आज मंगलवार की सुबह 12 बजे गंगरेल बांध में 1 लाख 18 हजार क्यूसेक पानी की प्रतिसेकंड आवक हो रही थी। जिसके चलते बांध में जल स्तर तेजी से बढ़ने लगा। समाचार लिखे जाने तक बांध में जलसंग्रहण 30 टीएमसी से ज्यादा हो चुका था। बांध में पानी की आवक और भी बढ़ सकती है जिसे देखते हुए ऐतिहातन गंगरेल बांध के 6 गेट खोलकर 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। आवक के अनुसार बांध के और भी गेट खोलकर डिस्चार्ज की मात्रा बढ़ाई जा सकती है।

कैंचमेंट एरिया में लगातार बारिश व सहायक बांधो से आने वाले पानी से गंगरेल का तेजी से बढ़ रहा

बता दे कि गंगरेल बांध में जल भराव क्षमता 32.150 टीएमसी है। दोपहर 12 बजे की स्थिति में 30 टीएमसी से अधिक जल भराव हो चुका था, जिसमें उपयोगी पानी लगभग 25 टीएमसी है। बता दे कि सोमवार को बांध में जलस्तर 345.92 मीटर, ग्रास केपेसिटी 23.658 टीएमसी, लाईव केपेसिटी 18.587 टीएमसी रिकार्ड किया गया। बांध से कुल 7 हजार 3 सौ क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज प्रति सेकण्ड किया जा रहा है। इसी तरह दुधावा बांध में कुल जलभराव 97.52 फीसदी, जलस्तर 424.92 मीटर, ग्रास केपेसिटी 9.949 टीएमसी, लाईव केपेसिटी 9.783 टीएमसी तथा सोंढुर बांध में कुल जलभराव 74.76 फीसदी, जलस्तर 469.06 मीटर, ग्रास केपेसिटी 5.404 टीएमसी व लाईव केपेसिटी 4.751 टीएमसी दर्ज किया गया था। एक दिन में ही बांध में भारी आवक के चलते जल स्तर काफी बढ़ा है। बांध के लबालब होने व गेट खुलने के कारण बांध में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है।

CMYK